संकट की घड़ी में सरकार आपके साथ : विजयवर्गीय

प्रभारी मंत्री ने चित्रकूट में बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री का किया वितरण

नवभारत न्यूज

सतना/चित्रकूट. 09 सितम्बर 2026/मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को चित्रकूट पहुंचकर विगत दिनों मंदाकिनी नदी में आई बाढ के फलस्वरूप प्रभावित हुए परिवारों से रूबरू चर्चा कर उन्हें आश्वस्त किया कि संकट की इस घडी में सरकार आपके साथ खडी है।

राहत और पुनर्वास के कार्यो में कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने प्रभावितों से मुलाकात कर बाढ की परिस्थितियों के दौरान हुई क्षति के बारे में भी जानकारी ली। चित्रकूट विकास प्राधिकरण कार्यालय में चित्रकूट के बाढ प्रभावितों को प्रभारी मंत्री ने राहत सामग्री का वितरण किया। प्रभारी मंत्री ने इस दौरान जिन प्रभावित परिवारों के घर पूरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गये हैं। उन्हें 1 लाख 20 हजार रूपये की सहायता राशि के प्रतीक चेक और राशन सामग्री तथा कंबल, वस्त्र इत्यादि प्रदान किये। इसी प्रकार उन्होंने स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी-किताबें एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की।

इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह, प्रबल श्रीवास्तव, शंकर दयाल त्रिपाठी, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, नगर निगम आयुक्त डॉ. नागार्जुन बी. गौडा, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, सीएमओ अंकित सोनी, तहसीलदार कमलेश सिंह भदौरिया सहित संबंधित अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने भोजन को चखकर परखी गुणवत्ता

प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को चित्रकूट पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और राहत एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद चित्रकूट द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई का निरीक्षण कर भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय ने रसोई में स्वयं पूड़ी-सब्जी को चखकर उसकी गुणवत्ता और स्वाद की जांच की। नगर परिषद अध्यक्ष साधना पटेल ने उन्हें बताया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए नगर परिषद द्वारा 30 अगस्त से सुबह-शाम भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

उतरने से पहले ही चालक ने चला दी बस

महाविद्यालय की छात्रा गंभीर तौर पर चोटिल

नवभारत न्यूज

सतना, 9 सितंबर. बस चालक की लापरवाही उस वक्त भारी पड़ गई जब महाविद्यालय की एक छात्रा गंभीर तौर पर चोटिल हो गई. छात्रा के उतरने से पहले ही चालक ने बस चला दी. बस से नीचे गिरने के कारण छात्रा के सिर, चेहरा और पैर पर गंभीर चोटें आ गईं. छात्रा का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के रामपुर बघेलान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीथैपुर निवासी रोशनी सिंह पिता अनिल शहर के शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा है. महाविद्यालय में पढ़ाई करने के लिए वह हर रोज रामपुर बघेलान से सतना आती-जाती है. इसी कड़ी में बुधवार को भी रोशनी सतना से रामपुर बघेलान जाने के लिए यात्री बस क्र. एमपी 19 पी 1211 में सवार हो गई. बस जैसे ही रामपुर बघेलान के सरस्वती मोड़, हीरो हाण्डा एजेंसी के पास पहुंची तो छात्रा ने चालक से बस रोकने के लिए कहा. बस के रुकने पर छात्र ने जैसे ही नीचे उतरने का प्रयास किया वैसे ही चालक ने अचानक ही बस चला दी. जिसके चलते तेज झटके के साथ छात्रा नीचे गिर कर गंभीर तौर पर चोटिल हो गई. इसके बावजूद भी रोकने के बजाए बस चालक वाहन लेकर वहां से भाग निकला.

जिला अस्पताल रेफर

छात्रा को गंभीर तौर पर चोटिल और लहुलुहान हालत में देख आस पास के लोगों उसे संभालते हुए परिजनों को सूचना दी. परिजन छात्रा को लेकर रामपुर बघेलान स्थित सीएसचसी पहुंचे. जहां पर छात्रा की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया. जिला चिकित्सालय में छात्रा के सिर, चेहरे और पैर में गंभीर चोट को देखते हुए फौरन भर्ती कर उपचार शुरु कर दिया गया. इस घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासन और आरटीओ से मांग की जा रही है कि अराजक होती जा रही बस संचालन की व्यवस्था पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अंकुश लगाया जाए.

हाथी की निगरानी विषय विशेषज्ञ दल रेडियो कॉलर से कर रहे

टॉर्च या हैवी रोशनी के माध्यम से हाथी को न उकसाएं

नवभारत न्यूज

मैहर, 09 सितंबर।जिला वनमण्डल अधिकारी विद्याभूषण मिश्रा ने जानकारी दी कि वनमण्डल मैहर अंतर्गत परिक्षेत्र अमरपाटन के बीट गोरसरी के कक्ष क्रमांक 605 में नर हाथी ई-5 का समुचित अनुश्रवण, क्षेत्र संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व उमरिया, उप संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्वे उमरिया, वन संरक्षक वन वृत्त रीवा, वनमण्डलाधिकारी मैहर एवं वन्यप्राणी चिकित्सकों के दल द्वारा किया गया।

एनिमल के व्यवहार एवं विगत 48 घण्टे में घटित घटनाओं का मूल्यांकन किया गया एवं आवश्यक प्रबंधन स्टेण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर अनुसार किये जाने का निर्णय लिया गया। वन विभाग का पूरा अमला हाथियों का समुचित एवं गहन अनुश्रवण कर रहा है आम जनमानस की सुरक्षा के साथ-साथ हाथी की सुरक्षा भी सर्वोच्च प्राथमिकता की विषयवस्तु है। वर्तमान में हाथी विगत 24 घण्टे से अपने प्राकृतिक आवास पर कक्ष क्रमांक 605 में रहा है एवं गतिविधियाँ प्राकृतिक एवं सामान्य प्रेक्षित की गयी हैं, हाथी का व्यवहार एवं विचरण पर विषय विशेषज्ञ दल द्वारा निरंतर रेड़ियो कॉलर से प्राप्त डेटा का विश्लेषण कर किया जा रहा है एवं तदानुसार आवश्यक वांछित प्रबंधकीय कदम क्षेत्र में लिये जा रहे हैं। हाथियों की समुचित सुरक्षा के लिए आवश्यकतानुसार विद्युत विच्छेदन भी कराया जा रहा है और संभावित प्रभावित ग्रामों में गहन मुनादी का कार्य कराया गया है। नागरिकों को हाथी से सुरक्षात्मक दूरी बनाये रखे जाने के अनुरोध किये गये हैं, वर्तमान में हाथी का विचरण प्राकृतिक वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर में हो रहा है.

बस्ती के निकट आबाद थीं अवैध शराब की फैक्ट्रियां

साढ़े 3 हजार किलो महुआ लाहन के साथ 40 लीटर हाथ भट्ठी की मदिरा बरामद

नवभारत न्यूज

सतना 9 सितंबर. जिले के नागौद वृत्त अंतर्गत पिपरोखर और सेमरिहा टोला की रहवासी बस्ती के निकट पिछले काफी समय से अवैध शराब की फैक्ट्री आबाद थी. आबकारी अमले द्वारा की गई छापेमारी में दोनों स्थानों से 3 हजार 500 किलो महुआ लाहन और 40 लीटर हाथ भट्ठी की शराब के साथ ही शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले सामान को बरामद किया गया. इस मामले में आबकारी अमले द्वारा 8 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं.

सहायक जिला आबकारी अधिकारी लोकेश ठाकुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के नागौद वृत्त अंतर्गत ग्राम सेमरिहा टोला और पिपरोखर में अवैध शराब बनाने और बेचने की शिकायतें मिल रही थीं. जिसकी पुष्टि करने के बाद वृत्त प्रभारी संजय कुमार साकेत के नेतृत्व में डेढ़ दर्जन की संख्या में आबकारी दल मौके पर पहुंच गया. टीम द्वारा छापेमारी करते हुए रहवासी मकानों में तलाशी ली जाने लगी. टीम द्वारा छेड़े गए तलाशी अभियान के चलते 3 हजार 500 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया. जिन्हें लगभग आधा सैकड़ा प्लास्टिक के कंटेनरों में रखा गया था. इसी कड़ी में 40 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब भी बरामद की गई. इसके साथ ही शराब बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले बर्तन, ड्रम और भट्ठी को भी बरामद किया गया. जब्त महुआ लाहन और शराब की कीमत 3 लाख 56 हजार रु आंकी गई. जिसे देखते हुए इस मामले में मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34 के अंतर्गत 8 प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए अमले द्वारा आगे की कार्रवाई शुरु कर दी गई.

शहर सहित अन्य क्षेत्र में आपूर्ति

ग्रामीणों के अनुसार पिपरोखर और सेमरिहा टोला में हाथ भट्ठी की शराब बनाने का कार्य पिछले काफी समय से बदस्तूर जारी है. जहां पर बनने वाली शराब को स्थापित नेटवर्क के जरिए आस पास के क्षेत्र से लेकर शहर तक में सप्लाई किया जाता है. ऐसा भी नहीं माना जा सकता कि इस संबंध जिम्मेदार अमले को जानकारी नहीं थी. क्योंकि कुछ स्थानीय रहवासियों द्वारा इसे लेकर लगातार शिकायतें की जाती रही हैं. लेकिन लंबे समय तक दबे-छिपे रहने के बाद जब राज्य के सागर जिले में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत की घटना सामने आई. तब शिकायतों को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करना जिम्मेदारों की मजबूरी बन गई.

संपत्ति कर जमा करने पर मिलेगी 6 प्रतिशत की छूट

नवभारत न्यूज

सतना, 9 सितम्बर. नगर पालिक निगम सतना ने शहर के समस्त संपत्ति करदाताओं से 30 सितंबर 2026 तक संपत्ति कर एवं अन्य संलग्न करों की राशि जमा कर 6 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाने की अपील की है। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संपत्ति कर स्व-निर्धारण की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2026 निर्धारित की गई है।

जनसंपर्क अधिकारी ननि धीरज कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा समय पर कर भुगतान करने वाले करदाताओं को चरणबद्ध छूट का लाभ दिया जा रहा है। 30 सितंबर 2026 तक कर जमा करने पर 6 प्रतिशत तथा अक्टूबर से दिसंबर 2026 तक भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। वहीं जनवरी से मार्च 2027 तक कर जमा करने पर किसी प्रकार की छूट नहीं मिलेगी और न ही अधिभार देय

निगमायुक्त ने की अपील

आयुक्त डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने शहर के सभी संपत्ति करदाताओं से अपील की है कि वे कर भुगतान के लिए अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें और 30 सितंबर तक संपत्ति कर एवं अन्य संलग्न कर जमा कर 6 प्रतिशत की अधिकतम छूट का लाभ उठाएं।

शिकायत पर खाद्य विभाग ने लिया मिठाई का सेम्पल

नवभारत न्यूज

सतना , 9 सितम्बर. शहर के प्रमुख सिविल लाइन चौराहा स्थित कामधेनु स्वीट्स पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने औचक कार्रवाई करते हुए डोडा बर्फी का नमूना जब्त किया है.

एक जागरूक उपभोक्ता द्वारा मिठाई की गुणवत्ता को लेकर दर्ज कराई गई शिकायत के बाद विभाग हरकत में आया और मंगलवार को प्रतिष्ठान की जांच की गई. उपभोक्ता ने कामधेनु स्वीट्स से खरीदी गई डोडा बर्फी की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी.

मामले को संज्ञान में लेते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौर एवं सीमा पटेल के संयुक्त दल ने दुकान पर दबिश दी. अधिकारियों ने मौके पर निर्माण व भंडारण व्यवस्था का जायजा लिया और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत संदिग्ध डोडा बर्फी का वैधानिक नमूना सील किया. खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि संग्रहित नमूने को गुणवत्ता परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है. प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि मानक स्तर पर कोई कमी या मिलावट पाई जाती है तो प्रतिष्ठान संचालक के विरुद्ध अधिनियम के तहत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. कार्रवाई के दौरान दुकान पर मौजूद अन्य खाद्य सामग्रियों की स्वच्छता और रख-रखाव को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.

प्रोबेशन में पूरे वेतन के फैसले से खुश हुए अस्थाई कमर्चारी अधिकारी

नवभारत न्यूज

सतना, 9 सितम्बर. उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की उस व्यवस्था को असंवैधानिक ठहराते हुए चयनित कर्मचारी अधिकारियों को पूरा वेतन देने के आदेश दिए हैं.

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 25 नवंबर 2019 के बाद नियुक्त सभी संबंधित कर्मचारियों को प्रोबेशन अवधि के दौरान किए गए कार्य का भी पूरा वेतन प्रदान किया जाए. उल्लेखनीय है कि कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने सोमवार को सुनवाई करते हुए स्पष्ट आदेश दिए कि प्रोबेशन अवधि के दौरान नवनियुक्त कर्मचारियों को क्रमशः 70, 80 और 90 प्रतिशत वेतन दिया जा रहा था. जो संविधान की मंशा के विपरीत है जब कर्मचारियों से पद के अनुरूप पूरा काम लिया जा रहा है, तो उन्हें भर्ती नियमों के तहत निर्धारित पूरे वेतन से वंचित नहीं किया जा सकता. कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से नियुक्त अधिकारियों को कार्यभार संभालते ही पूरा वेतन देना और कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों के वेतन में कटौती करना समानता के सिद्धांत के विपरीत है. अदालत के अनुसार, यह दोहरा रवैया संविधान के अनुच्छेद 12 और 14 का सीधा उल्लंघन है. राज्य सरकार ने 25 नवंबर 2019 को एक सर्कुलर जारी कर ईएसबी के जरिए होने वाली भर्तियों में चार साल की प्रोबेशन अवधि लागू की थी. इसमें पहले वर्ष 70, दूसरे वर्ष 80, तीसरे वर्ष 90 और चौथे वर्ष से 100 प्रतिशत वेतन देने का प्रावधान किया गया था. हाईकोर्ट के इस निर्णय के बाद प्रदेश में 25 नवंबर 2019 के बाद नियुक्त हजारों कर्मचारियों को पूर्ण वेतनमान और लंबित एरियर मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है.

अब नौकरी जैसा काम लगेगा : शिवम

नवनियुक्त कर्मचारी शिवम मिश्रा ने कहा कि 2023 के बाद जब हमारी नियुक्ति हुई थी, तो खुशी से ज्यादा चिंता थी। घर का किराया, बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्ग माता-पिता के इलाज के लिए 70ब वेतन में गुजारा करना असंभव हो गया था. पूरी जिम्मेदारी उठाने के बावजूद हमें पूरा वेतन नहीं मिलता था.

भेदभाव ठीक नहीं था : गौरव

नवनियुक्त कर्मचारी गौरव दुबे का कहना है कि हम पिछले कई वर्षों से इस दोहरे रवैये की मार झेल रहे थे. एक ही कार्यालय में समान काम करने के बावजूद हमें स्टाइपेंड के नाम पर आधा-अधूरा वेतन दिया जा रहा था, जिससे घर चलाना मुश्किल हो गया था. हाईकोर्ट के इस फैसले से प्रदेश के हजारों परिवारों में न्याय की उम्मीद जागी है.

उम्मीद है सरकार पूरा वेतन देगी : राहुल

राहुल पांडे ने बताया कि मेरी नौकरी 2024 लगी थी उस दौरान हमे 70 प्रतिशत तक भुगतान हुआ करता था माननीय न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते है और हमे उम्मीद है कि सरकार अब पूरा वेतन देगी जो पिछला वेतन बचा हुआ है उसका एरियर्स के माध्यम से भुगतान किया जाए.

एक नजर में

विजयवर्गीय ने मां शारदा के दर्शन किए

मैहर. मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रातः मैहर पहुंच कर मां शारदा देवी के दर्शन एवं पूजन किया। उन्होंने पूजन कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर समिति द्वारा नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री विजयवर्गीय का सम्मान किया गया। इस दौरान कमलेश सुहाने, भगवती पांडेय, संतोष सोनी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कांग्रेस सेवादल ने भेजी गई राहत सामग्री को घर -घर पहुंचाया

नवभारत न्यूज

सतना, 9 सितम्बर. कॉग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष बरमेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय कॉग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी वी श्रीनिवास द्वारा सतना मे आई भयंकर बाढ़ में लोगों की सुरक्षा, सहयोग, सहायता के लिए सेवादल के स्वयं सेवकों को निर्देशित किया गया.

मौके की स्थित का जायजा लेने के लिए कॉग्रेस सेवादल के प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा तथा कॉग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र तिवारी को चित्रकूट भेजा गया । चित्रकूट तथा अन्य गांवों की बाढ़ से विकराल तबाही मे प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए दिल्ली से राहत सामग्री दाल, चावल, आटा, शक्कर, नमक, साड़ी, चटाई आदि भेजी गई जिसको कॉग्रेस सेवादल के स्वयं सेवकों द्वारा सतना मे राहुल गाँधी की फोटो लगी, सेवादल लिखे बैग मे पैकिंग की गई । फिर पांच गाड़ियों मे भरकर ग्राम रगौली, चित्रकूट के खटिकन पुरवा, राम मोहल्ला, प्रमोद वन, बस स्टैंड, आरोग्य धाम में घर घर पहुँचाया गया । बी वी श्रीनिवास द्वारा गिरे घरों के बनवाने मे सहयोग के लिए भी कहा गया है । पुरे स्थित की निगरानी कॉग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव द्वारा की जा रही है ।

जीतू पटवारी आज आएंगे

सतना, 9 सितम्बर. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी का गुरुवार की सुबह 6:30 बजे रीवाचल एक्सप्रेस से सतना आगमन हो रहा है आगमन के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस द्वारा रीवा मे स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर जो आंदोलन चलाया जा रहा है उसमे शामिल होने के लिए रीवा प्रस्थान करेंगे.

पिता और बहन पर जानलेवा हमला

नवभारत न्यूज

सतना, 9 सितम्बर. मैहर जिले के रामनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डेंगरहा ग्राम पंचायत जुड़वानी में बुधवार को शराब के नशे में एक युवक ने अपने पिता और बहन पर कथित रूप से जानलेवा हमला कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञानेश कुमार द्विवेदी उर्फ सोनू (27) ने पहले डंडे से और फिर लोहे की रॉड से अपने पिता अंजनी प्रसाद द्विवेदी (58) और बहन सुलोचना द्विवेदी (24) पर हमला किया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हमले में पिता के मुंह और कान से तथा बहन के सिर से खून बह रहा था। गंभीर हालत को देखते हुए दोनों घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा गया। वहीं घटना की सूचना डायल-112 और रामनगर थाना पुलिस को भी दे दी गई। बताया गया कि वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

बारिश थमी तो कृषि उपज मंडी में बढ़ी किसानों की आवक

नवभारत न्यूज

सतना, 09 सितंबर. जिले में पिछले 10 दिन की लगातार बारिश से कृषि उपज मंडी में 200 से 500 क्विंटल तक सिमटी थी आवक, मौसम साफ होते ही मंडी में बढ़ने लगी चहल-पहल.

जिले में पिछले करीब 10 दिनों से जारी बारिश के कारण कृषि उपज मंडी में किसानों की आवक प्रभावित हो गई थी। बारिश के दौरान मंडी में प्रतिदिन करीब 200 से 500 क्विंटल तक कृषि उपज ही पहुंच रही थी। लगातार बारिश के चलते खेतों में काम प्रभावित होने के साथ किसानों को अपनी उपज मंडी तक लाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब मौसम साफ होने और बारिश थमने के बाद मंडी में धीरे-धीरे किसानों की आवक बढ़ने लगी है। मौसम खुलते ही किसान अपनी तैयार उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं, जिससे मंडी परिसर में पहले की अपेक्षा चहल-पहल बढ़ गई है।

आने वाले दिनों में बढ़ सकती है आवक-यदि मौसम साफ बना रहा तो आने वाले दिनों में कृषि उपज की आवक में और बढ़ोतरी हो सकती है। बारिश के कारण जिन किसानों ने अपनी उपज रोक रखी थी, वे मौसम अनुकूल होने पर मंडी पहुंच सकते हैं। इससे आने वाले दिनों में मंडी में कारोबार और किसानों की आवाजाही बढ़ने की संभावना है।

मौसम साफ होने का मिला फायदा

लगातार बारिश के कारण कई किसानों ने अपनी उपज की बिक्री रोक दी थी। वहीं, खेतों और ग्रामीण सड़कों पर बारिश का असर होने से उपज को मंडी तक पहुंचाना भी चुनौती बना हुआ था। अब बारिश रुकने के बाद परिवहन व्यवस्था

कुमारी पदमा जैन ने किया नेत्रदान

सतना, दिगंबर जैन समाज की कुमारी पदमा जैन पुत्री स्वर्गीय बाबूलाल जैन (दलाल) का 8 सितंबर मंगलवार को दुखद निधन हो गया। देह परिवर्तन पश्चात उनके भाई कांतिलाल जैन, पवन जैन, सुनील जैन, अशोक जैन, धन्य कुमार जैन, संजय जैन एवं पूरे जैन परिवार की सहमति से पदमा जी के नेत्रदान भारत विकास परिषद के माध्यम से सुबह 11:30 बजे कराए गए। नेत्रदान की प्रक्रिया श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट आई बैंक की टीम के सुरेश पटेल के मार्गदर्शन में उनके निवास पुराना पावर हाउस चौक में जा कर नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

मां तुझे प्रणाम योजना के तहत 10 युवाओं का होगा चयन

सतना . म.प्र. शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए विकासखंड स्तर पर युवाओं का चयन किया जाएगा। योजना के तहत प्रत्येक ब्लॉक से 10 युवाओं, जिसमें 5 युवक एवं 5 युवतियां शामिल हैं, का चयन भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं अथवा प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक महत्व के स्थलों से परिचय कराने के लिए अनुभव यात्रा हेतु किया जाएगा। योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर युवाओं का चयन निर्धारित श्रेणियों के अनुसार किया जाएगा। इनमें 01 एनसीसी, 01 एनएसएस, 01 खिलाड़ी, 01 मेधावी तथा 01 स्काउट/गाइड वर्ग से एक-एक युवक तथा इसी मान से पांच युवतियों का चयन किया जाएगा। आवेदक की आयु 31 दिसंबर 2027 तक 15 से 25 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। अनुभव यात्रा के लिए चयनित युवाओं से आवेदन पत्र के साथ फिटनेस/चिकित्सा, जोखिम एवं संबंधित थाने से चरित्र प्रमाणपत्र प्राप्त किया जाएगा। चिकित्सा एवं चरित्र प्रमाणपत्र चयनित युवाओं से ही लिया जाएगा। पूर्व में अनुभव यात्रा कर चुके आवेदकों का पुनः चयन नहीं किया जाएगा। साथ ही पूर्व में चयनित होने के बाद अनुभव यात्रा पर जाने से असहमति व्यक्त करने वाले युवाओं के आवेदन भी मान्य नहीं होंगे।